**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

**पंचायत रोस्टर**

पंचायत चुनाव रोस्टर में उपायुक्तों को 5 फ़ीसदी आरक्षण की शक्तियां देने को लेकर आज विधानसभा में खूब बवाल हुआ। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज विपक्ष की ओर से भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के माध्यम से नियम 67 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया गया। इस पर संक्षिप्त चर्चा हुई जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी–अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सरकार का पक्ष रखा और 5 प्रतिशत आरक्षण को जायज़ ठहराया। इस बीच विपक्ष ने सदन में हंगामा किया जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही साढ़े 11 बजे तक स्थगित की गई। दोबारा से सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष ने विरोध जताते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। इस दौरान एजेंडा न होने के कारण विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब नगर निगम और अन्य शहरी निकायों के चुनावों में इस तरह का प्रावधान लागू नहीं किया गया, तो पंचायत चुनावों में इसे लागू करने का औचित्य क्या है।

---

**सुक्खू**

इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि भाजपा हर मुद्दे पर वॉकआउट करती है और पंचायतों में आरक्षण से छेड़छाड़ की सरकार की कोई मंशा नहीं है। उन्होंने कहा कि 5 फीसदी आरक्षण की शक्तियां उपायुक्तों को दी गई हैं ताकि जो पंचायतें एक ही वर्ग के लिए लगातार आरक्षित हैं, उनमें दूसरे वर्गों को भी मौका मिल सके।

---

**एंट्री टैक्स**

एंट्री टैक्स को लेकर हिमाचल, पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने सीमाओं में आवाजाही को पूरी तरह से ठप्प कर दिया है। हालांकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि पांच और 12 सीटर वाहनों के लिए एंट्री टैक्स में जो दरें बढ़ाई गई थी उसका युक्तिकरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों की गलतफहमी दूर करने के लिए जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी।

दूसरी तरफ विपक्ष के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सदन में अलग बयान देते हैं और लिस्ट में अलग रेट दिखाए जा रहे हैं। इस बढ़ोतरी की वजह से बॉर्डर में तनाव का माहौल है।

-----------------------------------------------------------------------------

**जनगणना**

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू हो गया है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इसके लिए पहली मार्च, 2027 को संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। पहली बार, जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी, जिसमें स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। ये स्व–गणना इस महीने की 15 तारीख तक चलेगी।

-----------------------------------------------------------------------------

**इंदु गोस्वामी**

केन्द्रीय वन और पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा है कि देश में बंजर वनों के पौधरोपण के लिए ग्रीन क्रैडिट प्रोग्राम शुरू किया गया है। राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी के सवाल के जवाब में आज संसद में उन्होंने बताया कि ग्रीन क्रैडिट प्रोग्राम के तहत कवर किए जाने वाले बंजर वनों की भूमि का चयन राज्य सरकार का वन विभाग मौके की परिस्थिति के अनुसार करता है। कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि ग्रीन क्रैडिट कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में किए गए पौधरोपण को विकसित करने के लिए 5 साल की अवधि तय की गई है। उन्होंने बताया कि बंजर वन भूमि को पुनर्जीवित करने के लिए शुरू किए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य जैव विविधता को बढ़ाने और वन संसाधनों का संरक्षण करना है।

-----------------------------------------------------------------------------